## महत्वपूर्ण एवं खास

### 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस

**रायगढ़ ।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा पहली बार 2008 में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के कार्यभार दिनांक 24 जनवरी को महिला सशक्तिकरण के रूप में देखते हुए बालिका दिवस मनाया गया। तब से 24 जनवरी को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। बालिका दिवस मनाने का उद्धेश्य बालिकाओं में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना है। इसके अलावा समाज में बालिकाओं के उचित सम्मान एवं प्रत्येक क्षेत्र में उनको समान अवसर प्रदान के लिए प्रोत्साहित करना आयोजन का प्रमुख उद्धेश्य है। समाज में व्याप्त कुरातियों को दूर करने के लिए बालिका दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष प्रदेश में जागरूकता लिए महिला सशक्तिकरण संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे समाज में बेटा एवं बेटी में समानता की भावना उत्पन्न हो। इसके साथ ही शासन द्वारा बालिकाओं को बचाने एवं आगे लाने के लिए कई कानून जैसे लिंग चयन प्रतिषेध तकनीक (पी.सी.पी.एन.डी.टी.) एक्ट एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं जैसे विभिन्न योजनाएं संचालित किया जा रहा है। जिससे बालिकाओं की हिस्सेदारी एवं अवसर सभी क्षेत्रों में समान रूप से बढ़ रही है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यस्तरीय आयोजन : सोशल मीडिया पर किया जाएगा लाइव प्रसारण

**रायगढ़ ।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर आयोजन सीमित रूप में किया जा रहा है। आयोजन का लाईव प्रसारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पर 25 जनवरी 2022 को प्रातः 11:00 बजे से फेसबुक, ट्विटर एवं यूट्यूब आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किया जाएगा।

### चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने चिटफंड कंपनी के फरार आरोपीयों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिए है वही थाना बांकीमोंगरा में अपराध क्र.43/2017 धारा 420, 34 भादवि निपेक्षकों के हितों का संरक्षण अधिनियम की धारा 10 मनी सर्कुलेशन की धारा 4-5 की प्रार्थीया मानकी बाई, पति-फिरत राम श्रीवास,उम्र- 48 साल, सा- देवकोनी, बलगी,थाना-बांकी मोंगरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें जी.एन.गोल्ड कंपनी के संचालक व ऐजेंट को प्रतिमाह 500 रुपया दिए गए। वही साल तक जमा करने पर तुम्हे 1लाख रूपये मिलेगा कहकर 4 वर्षों में 24 हजार रूपये जमा करवाये,उसके बाद ऐजेंट एवं कंपनी के डायरेक्टर उसका पैसा को हडपकर कंपनी बंद करके फरार हो गये थे वही थाना में अपराध कायम कर विवेचना किए जा रहे थे।वही विवेचना प्रकरण के फरार आरोपी डायरेक्टर जी.एन. गोल्ड कंपनी नरेंद्र सिंह,पिता- जशवत सिंह, उम्र-57 साल, सा.-दमकोरा रोड,थाना-टोहाना सीटी,जिला- फतेहाबाद,हरियाणा को आज 21 जनवरी को थाना प्रभारी बाकीमोंगरा के द्वारा गिरफ्तार किया गया वही न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। वही कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश जांगड़े,आरक्षक भोलाशरण यादव,जागीर सिंह तंवर,मदन जायसवाल की भूमिका सराहनीय रही।

# असर 'एनुअल स्टेटस आफ एजुकेशन रिपोर्ट 2021 वार्षिक सर्वेक्षण' में रायगढ़ जिला पढ़ई तुंहर दुआर में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर

» **कक्षा 3-5 के बच्चे जो जोड़ने घटाने की प्रकिया जानते हैं, 31.4 प्रतिशत के साथ रायगढ़ जिला दूसरे स्थान पर**

» **सीख कार्यक्रम के क्रियान्वयन में भी रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में शीर्ष पर रहा था**

**रायगढ़।** जिला कलेक्टर भीम सिंह के प्रारंभ से ही बच्चों की शिक्षा से जुड़े विभिन्न आयामों व शिक्षा के गुणवत्ता को लेकर विशेष रुचि,कुशल मार्गदर्शन व सतत मॉनिटरिंग का असर ही है कि,'असर' (एनुअल स्टेटस आफ एजुकेशन रिपोर्ट) जो नागरिकों द्वारा दिए जाने वाला भारत का सबसे बड़ा वार्षिक सर्वेक्षण है उसमें रायगढ़ जिला पढ़ई तुंहर दुआर अंतर्गत विभिन्न शिक्षा मॉडल्स के क्रियान्वयन में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहते हुए कक्षा 3 से 5 के बच्चे जो जोड़ने घटाने की प्रक्रिया जानते हैं उस केटेगरी में द्वितीय स्थान पर रहा। असर एक ऐसी एनुअल स्टेटस आफ एजुकेशन रिपोर्ट है जिससे यह पता लगता है कि,क्या बच्चे विद्यालय में नामांकित हैं, और क्या वे सीख रहे हैं? इसमें 5 से 16 आयु वर्ग के बच्चों के पढ़ने की और बुनियादी गणित की जांच की जाती है। असर के एक ऐसे ही वार्षिक सर्वेक्षण 2021 में पूरे प्रदेश में रायगढ़ जिला पढ़ई तुंहर दुआर वेबसाइट पोर्टल के बारे में जागरूकता व इसके विभिन्न शिक्षा मॉडल्स के क्रियान्वयन में 40.9 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर है। वहीं कक्षा 3 से 5 के बच्चे जो जोड़ने घटाने की प्रक्रिया जानते हैं उस सर्वेक्षण में 31.4 प्रतिशत के साथ रायगढ़ जिला ने पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहते हुए अपना वर्चस्व स्थापित किया है।

आंकड़ों की बात की जाए तो उल्लेखनीय है कि,वर्ष 2021 में रायगढ़ जिला पढ़ई तुंहर दुआर के अंतर्गत ऑनलाइन क्लासेस के संचालन में सतत रूप से समूचे प्रदेश में शीर्ष स्थान पर रहा। ऑनलाइन शिक्षा के क्रियान्वयन में जिला कलेक्टर भीम सिंह के कुशल निर्देशन, तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी, वर्तमान सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ डॉ रवि मित्तल, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर पी आदित्य, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ आर के देवांगन के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में प्रगति के नित नए सोपानों को तय करते हुए प्रदेश में जिला अग्रणी व शीर्ष पर रहा।

वही सीख कार्यक्रम जो यूनिसेफ और राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की साझेदारी का एक ऐसा कार्यक्रम,जो रायगढ़ जिले के समस्त 09 विकास खंडों में संचालित हुआ, एक ऐसी व्यवस्थित व प्रभावी योजना साबित हुई जिसने कोरोना काल मे भी पालको और समुदाय की मदद से बच्चों को सीखने और सिखाने का अवसर प्रदान किया। जिससे कोरोना काल में भी बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा या रुकावट नहीं आई और बच्चे रोचक गतिविधियों द्वारा लगातार सीखते रहे। इस सीख कार्यक्रम में भी तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ रायगढ़ सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी, डीईओ आर पी आदित्य, डीएमसी रमेश देवांगन के कुशल दिशा निर्देश में रायगढ़ जिला शीर्ष पर रहा। साल 2021 में स्कूल शिक्षा में कोरोनावायरस बड़ा असर रहा। ऑनलाइन एजुकेशन के जरिए छात्रों की पढ़ाई जारी रही। स्कूलों में सिलेबस भी कम किए गए लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद पढ़ाई उस ढंग से सामान्य नहीं हो पा रही थी जिसकी उम्मीद की जा रही थी। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की वजह से स्कूल सुने रहे। कोरोनावायरस की वजह से स्कूलों को बंद रखा गया बच्चों की परीक्षा घर बैठकर ओपन बुक और ब्लैंडड मेथड से ली गई। प्री प्राइमरी, प्राइमरी और मिडिल स्कूल की परीक्षा छात्रों ने घर बैठे दी, वहीं छत्तीसगढ़ में इस साल दसवीं बोर्ड के लिए केवल असाइनमेंट के आधार पर अंक दिए गए और 12वीं बोर्ड के छात्रों को आंसर और क्वेश्चन घर ले जाकर हल करने के लिए दिया गया। प्रदेश में स्कूल खोलने को लेकर अनिश्चितता की स्थिति आधे साल तक बनी रही,बावजूद इसके रायगढ़ जिले में पढ़ई तुंहर दुआर और सीख कार्यक्रम में शीर्ष पर रहते हुए बच्चों की शिक्षा से जुड़े विभिन्न शिक्षा मॉडल्स में रायगढ़ जिले की स्थिति पूरे प्रदेश में बेहतर रही।

असर रिपोर्ट में रायगढ़ जिला 6 से 14 आयुवर्ग के शासकीय स्कूल में प्रवेश 83.30 प्रतिशत के साथ 16 वें स्थान पर,कक्षा 1-2 के बच्चे जो अक्षर पढ़ सकते हैं, 57.0 प्रतिशत के साथ 4 थे स्थान पर, कक्षा 3-5 के बच्चे जो भाग देने की प्रकिया जानते हैं 30.0 प्रतिशत के साथ 5 वे स्थान पर तथा कक्षा 3-5 के बच्चे जो घटाने की प्रकिया जानते हैं 31.4 प्रतिशत के साथ 2 रे स्थान पर रहा। जिला कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ जिले की इस उपलब्धि पर शिक्षा से जुड़े सभी शीर्ष अधिकारियों व शिक्षकों को बधाई प्रेषित की है।

## मुख्यमंत्री ने राज्य में 7 फरवरी तक धान खरीदी की घोषणा की

» **अब तक राज्य में हो चुकी 82.62 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में किसानों की सुविधा और उनके हितों को देखते हुए धान खरीदी की अवधि को एक सप्ताह का बढ़ाये जाने की घोषणा की है। राज्य में अब 7 फरवरी तक धान की खरीदी होगी। इस साल 31 जनवरी तक धान खरीदी की जानी थी, लेकिन जनवरी माह में असामयिक वर्षा के चलते धान खरीदी की स्थिति प्रभावित हुई थी। जिसके चलते मुख्यमंत्री ने धान खरीदी की अवधि को एक सप्ताह बढ़ाए जाने की घोषणा की है, ताकि सभी पंजीकृत कृषक सहजता से अपना धान बेच सके। राज्य में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी के अंतर्गत अब तक 82 लाख 62 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जो धान खरीदी के अनुमानित लक्ष्य का लगभग 78.69 प्रतिशत है। उपार्जन केन्द्रों से डीओ और टीओ के माध्यम से अब तक 43 लाख 79 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान के उठाव के लिए 38 लाख 74 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा लगभग 33 लाख 21 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार अब तक 16 लाख 39 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 10 लाख 58 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस प्रकार अब तक उपार्जित 82.62 लाख मीटरिक टन धान में से 43.79 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है।

## वर्मी कम्पोस्ट का बढ़ाए विक्रय - कलेक्टर भीम सिंह

» **कलेक्टर सिंह ने कृषि विभाग की ली ऑनलाइन समीक्षा बैठक**

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कृषि विभाग की मासिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली। बैठक में उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और उसकी बिक्री की विकासखंड वार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी एसएडीओ को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अपने विकासखंड के अंतर्गत गौठानों में तैयार कम्पोस्ट का शत प्रतिशत विक्रय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में बड़े पैमाने पर रबी



फसलों की खेती होती है। ऐसे में खाद की डिमांड भी रहती है। इसको देखते हुए उन्होंने समितियों में पर्याप्त खाद का भंडारण करवाने के निर्देश उप पंजीयक सहकारिता को दिए। इसके साथ ही जिले में यूरिया की आपूर्ति की भी जानकारी उन्होंने जिला विपणन अधिकारी से ली तथा उन्हें मांग अनुसार पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर सिंह ने बैठक में जिले में धान के बदले अन्य फसल उत्पादन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में रागी के रकबे के विस्तार के लिए विशेष रूप से प्रयास करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके लिए उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करने और उन्हें तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के कामकाज की समीक्षा भी उन्होंने बैठक के दौरान की। धरमजयगढ़ विकासखण्ड के खलबोरा में विभाग द्वारा लगाया जा रहे गोट मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने यूनिट के लिए मशीन खरीदी करने तथा उसे चलाने की ट्रेनिंग हितग्राहियों को देने के निर्देश उप संचालक पशु पालन को दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग तथा मत्स्य पालन विभाग के कामकाज की भी समीक्षा की। इस दौरान उपसंचालक पशुपालन डॉ आर.एच.पांडे, सहायक संचालक कृषि हरीश राठौर, सहायक संचालक उद्यानिकी कमलेश दीवान, सहायक संचालक मत्स्य पालन एम.के. पाटले सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## घरघोड़ा चोटीगुड़ा में युवक की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

» **आपसी विवाद में लोहे के बिंधना से दोस्त पर प्राणघातक वार कर आरोपी ने दिया घटना को दिया अंजाम**

**रायगढ़।** दिनांक 21.01.2022 के शाम थाना प्रभारी घरघोडा निरीक्षक अमित सिंह को ग्राम चोटीगुडा जगन्नाथ मंदिर चौक के पास युवक की हत्या की सूचना मिली, सूचना टीआई अमित सिंह तत्काल पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे, जहां वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर आरोपी को पतासाजी कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज गिरफ्तार कर घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया, न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट जारी किया गया है।

घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता सोहित साहू निवासी रायकेरा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज





कर बताया कि दिनांक 21.01.2022 के दोपहर से जगन्नाथ मंदिर चौक पर गुपचुप ठेला लगाया था। शाम करीब 5.00 बजे ग्राम चोटीगुडा का संजय मिश्रा और उमेश राठिया पिता गंगाराम (उम्र 27 वर्ष) दोनो बस्ती तरफ से आये। दोनों आपस में झगड़ा-विवाद हो रहे थे, संजय मिश्रा, उमेश राठिया को तुम्हे गाडी का चाबी दिया हूँ, तुम मोटर सायकल को क्यो नहीं लाये कहकर झगड़ा करते हुये घर चला गया और थोड़ी देर बाद करीब 5.30 बजे संजय मिश्रा वापस जगन्नाथ मंदिर चौक के पास आया और आवेश में आकर अपने पेंट पाकिट से लोहे के धारदार बिंधना से उमेश राठिया के दाहिना कमर, पेट, नाभी के नीचे मारकर चोट पहुंचाया जिससे उमेश राठिया वहीं गिर गया। संजय मिश्रा लोहे के बिंधना को पकडकर भाग गया, कुछ समय बाद उमेश राठिया दम तोड़ दिया। रिर्पोटकर्ता के रिपोर्ट पर आरोपी संजय मिश्रा पिता त्रिलोकीनाथ मिश्रा उम्र 32 वर्ष निवासी चांटीगुड़ा थाना घरघोड़ा पर अपराध क्रमांक 15/2022 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

मृतक के वारिसान बताए कि आरोपी संजय मिश्रा एवं मृतक उमेश राठिया दोनों मित्र हैं, संजय मिश्रा चार पहिया वाहन किराये पर देता है, उमेश राठिया घर के खेती किसानी में हाथ बंटाता था। आरोपी संजय मिश्रा से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आवेश में आकर घटना कारित करना कबूल किया गया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त लोहे का बिंधना की जप्ती कर विधिवत गिरफ्तारी कर आरोपी को आज दोपहर न्यायिक अभिरक्षा प्राप्त करने घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया , जहां आरोपी का जेल वारंट जारी किया गया है।

उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन पर घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर एक घंटे के भीतर आरोपी को पता तलाश कर पुलिस हिरासत में लिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, सउनि चंदन सिंह नेताम, स.उ.नि. वेलफ्रेड मसीह, आरक्षक नरेन्द्र पैंकरा, नंदू पैंकरा, सुरेन्द्र भगत की मुख्य भूमिका रही है।

## झिलगीटार मेन रोड़ पर सट्टा लिख रहा युवक गिरफ्तार, चौकी कनकबीरा की कार्रवाई

**रायगढ़।** दिनांक 22/01/2022 को चौकी प्रभारी कनकबीरा उपनिरीक्षक एम.डी. जायसवाल ग्राम पेट्रोलिंग पर रवाना होकर अवैध शराब, जुआ-सट्टा की जानकारी अपने मुखबिरों से लिया जा रहा था। इसी दरम्यान उन्हें मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम झिलगीटार मेन रोड पर एक युवक सट्टा खिला रहा है, सूचना पर हमराह स्टाफ के साथ मौके पर जाकर पुलिस टीम द्वारा एक युवक को आम जगह पर कागज में सट्टा नोट करते पकड़ा गया जिसके पास एक पेपर में विभिन्न प्रकार का सट्टा अंक लिखा हुआ पर्चा मिला। युवक अपना नाम पंकज पटेल पिता नारायण पटेल उम्र 26 वर्ष



निवासी ग्राम मल्दा (ब) थाना सारंगढ़ बताया। आरोपी से सट्टा पर्ची, नकदी रकम 2170 रु. एवं एक पेन की जप्ती कर 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। चौकी प्रभारी के साथ कार्रवाई में प्रधान आरक्षक मिरीराम खुंटे आरक्षक मुकेशा साहू शामिल थे।

## महिला का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**रायगढ़।** महिला संबंधी अपराधों में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर सारंगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध कायमी के तत्काल बाद आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़िता दिनांक 21.01.2021 को थाना सारंगढ़ आकर आरोपी सेवकराम जोल्हे उम्र 35 वर्ष निवासी सारंगढ़ के विरूद्ध कार्रवाई करने के संबंध में टीआई विवेक पाटले को आवेदन दिया गया। टीआई विवेक पाटले द्वारा महिला विवेचक से पीड़िता का कथन कराये, पीडिता बताई कि सारंगढ़ उसका मायके और ससुराल है दिनांक 26.11.2021



के रात सेवक राम जोल्हे शादी कर पत्नी बना कर रखुंगा कहकर बहला फुसलाकर पैदल गांव से अपने रायगढ़ ले जाते समय हिर्री एवं ग्वालीनडीह के बीच रोड किनारे सुनसान स्थान पर ले जाकर शारिरीक संबंध बनाया। उसके बाद रायगढ़ एक किराये मकान में रखा जहां भी शारीरिक संबंध बनाया अब शादी करने से इन्कार कर रहा है। दिनांक 14.01.2022 को सेवकराम अपने भांजा के साथ किराये मकान में आया और मारपीट कर मारने की धमकी देकर शादी करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता के लिखित आवेदन पर आरोपी पर सेवराम पर धारा 323,506,376 आईपीसी का अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी द्वारा आरोपी पतासाजी कर गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### 'रोको और टोको' की टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर संचालित किया जन-जागरूकता अभियान

**रायपुर।** कोरोना संक्रमण को रोकने जिला प्रशासन, रायपुर के मार्गदर्शन में संचालित 'रोको और टोको' अभियान के अंतर्गत आज यूनिसेफ वी द पीपल और गुरुकुल महाविद्यालय के एन.एस.एस. कैडेट्स ने मिलकर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जन-जागरूकता अभियान संचालित किया। इस टीम के द्वारा वीआईपी चौक, तेलीबांधा सहित अन्य चौक-चौराहों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी को टीकाकरण हेतु प्रेरित करते दिखे। इसके अलावा ये वॉलिंटियर्स कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने हेतु भी प्रेरित करते दिखे। इस टीम ने 40 से भी अधिक सार्वजनिक स्थलों पर अपने अभियान के तहत अब तक लोगों को प्रेरित किया है और लापरवाही बरतने वालों को संक्रमण के खतरों से अवगत कराते हुए जागरूक कर रही है।

## महिला के मिट्टी तेल से आग लगाकर आत्महत्या के मामले में आरोपी पति पर दर्ज दुष्प्रेरण का अपराध दर्ज

» **एफआईआर की जानकारी पर भागने की फिराक में थाना आरोपी, बस स्टैंड सारंगढ़ से गिरफ्तार**

**रायगढ़।** पुलिस चौकी कनकबीरा अन्तर्गत ग्राम खैरझिटी में पति की प्रताड़ना से महिला द्वारा स्वयं पर आग लगाकर आत्महत्या के मामले में संवदेनशील पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर चौकी प्रभारी कनकबीरा द्वारा महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी को फरार होने से पूर्व गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



पुलिस चौकी कनकबीरा (थाना सारंगढ) में थाना कोतवाली से बिना नम्बरी मर्ग डायरी अग्रिम जांच के लिये प्राप्त हुई। मृतिका अनिता चौहान पति अमित कुमार चौहान उम्रि 25 साल साकिन खैरझिटी की मृत्यु दिनांक 03.10.2021 को केजीएच में ईलाज के दौरान हुई थी। चौकी प्रभारी एमडी जायसवाल द्वारा चौकी कनकबीरा में मर्ग क्र0 110/2021 धारा 174 जाफौ कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर जांच दौरान मृतिका के वारिसानों, गवाहों का कथन लिया गया जिसमें वे बताये कि करीब 10-12 साल पहले अमित कुमार चौहान पिता देवनारायण चौहान उम्र 33 साल साकिन खैरझिटी चौकी कनकबीरा के साथ अनिता चौहान की शादी हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं, अमित आये दिन शराब, गांजा पीकर अनिता को मारपीट झगड़ा विवाद करता था और घर से निकाल देने की बात कहता था जिससे अनिता क्षुब्ध, प्रताडित होकर दिनांक 27.09.2021 के रात्रि करीब 11.00 बजे स्वयं पर मिट्टी तेल डाल कर आग लगा ली थी जिसका ईलाज दौरान रायगढ़ में निधन हो गया। मृतिका के पति अमित कुमार चौहान पर अपराध धारा 306 भादवि का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आज दिनांक 22.01.2022 को विवेचना में लिया गया। आरोपी को उस पर अपराध कायम होने की जानकारी होने पर सारंगढ़ भाग गया था जिसे चौकी प्रभारी स्टाफ के साथ सारंगढ़ क्षेत्र में पतासाजी कर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर चौकी लाया गया। आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर सारंगढ़ न्यायालय पेश किया गया जहां से उसका जेल वारंट जारी किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480